भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4134
दिनांक 17.03.2026 को उत्तरार्थ

पंचायतों, पंचायत संघों और जिला बोर्डों में चुनाव

†4134. डॉ. थोल तिरूमावलवनः

क्या **पंचायती राज मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंचायतों, पंचायत संघों और जिला बोर्डों में प्रत्येक पांच वर्ष में नियमित चुनाव कराए जाते हैं;

(ख) यदि नहीं, तो चुनाव कराने में विलंब के कारणों सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा के अंतर्गत पूरे देश में उपरोक्त तीनों निकायों के चुनाव एक साथ कराने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह)

(क) से (ख) पंचायत, "स्थानीय सरकार" होने के नाते, राज्य का विषय है और भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में राज्य सूची का हिस्सा है। पंचायतों को राज्यों के पंचायती राज अधिनियमों के अंतर्गत स्थापित और संचालित किया जाता है। संविधान के प्रावधानों के अधीन रहते हुए, राज्यों ने अपने अलग-अलग पंचायती राज अधिनियम बनाए हैं। इस प्रकार, पंचायत से संबंधित सभी कार्य, जिनमें संविधान के अनुच्छेद 243ङ के तहत पंचायतों के नियमित चुनाव कराना भी शामिल है, संबंधित राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

पंचायत चुनाव में देरी वाले राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(**ग)** जी नहीं, महोदय।

(**घ**) प्रश्न नहीं उठता।

****

अनुबंध

"पंचायतों, पंचायत संघों और जिला बोर्डों में चुनाव" पर दिनांक **17.03.2026** को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या **4134** के भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पंचायत चुनाव में देरी वाले राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों का विवरण

क्र. स.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम	मूल नियत तिथि	अंतिम चुनाव तिथि	टिप्पणी
1	गुजरात	ग्राम पंचायत: मार्च, 2023 ब्लॉक पंचायत: मार्च, 2023 जिला पंचायत: मार्च, 2023	ग्राम पंचायत: फरवरी, 2018 (14805में से 121) ब्लॉक पंचायत: फरवरी, 2018 (238में से 4) जिला पंचायत: फरवरी, 2018 (31 में से 2)	चयनित ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत में चुनाव 2023 से होने हैं।
2	हिमाचल प्रदेश	ग्राम पंचायत: जनवरी, 2026 ब्लॉक पंचायत: जनवरी, 2026 जिला पंचायत: जनवरी, 2026	ग्राम पंचायत: जनवरी, 2021 ब्लॉक पंचायत: जनवरी, 2021 जिला पंचायत: जनवरी, 2021	ये सभी पंचायते सिर्फ गैर-आदिवासी क्षेत्रों की हैं। इनमें चुनाव जनवरी, 2026 से होने है।
3	कर्नाटक	ग्राम पंचायत: दिसंबर, 2025 ब्लॉक पंचायत: फरवरी, 2021 जिला पंचायत: फरवरी, 2021	ग्राम पंचायत: दिसंबर, 2020 ब्लॉक पंचायत: फरवरी, 2016 जिला पंचायत: फरवरी, 2016	ग्राम पंचायत में चुनाव दिसंबर 2025से होने हैं। जबकि ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत के चुनाव 2021 से लंबित हैं।

4	महाराष्ट्र	ब्लॉक पंचायत: जनवरी / फरवरी, 2022 जिला पंचायत: जनवरी / फरवरी, 2022	ब्लॉक पंचायत: जनवरी / फरवरी, 2017 जिला पंचायत: जनवरी / फरवरी, 2017	ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत में चुनाव 2022 से होने हैं।
5	मणिपुर	ग्राम पंचायत: अक्टूबर 2022 ब्लॉक पंचायत: लागू नहीं जिला पंचायत: अक्टूबर 2022	ग्राम पंचायत: अक्टूबर 2017 ब्लॉक पंचायत: लागू नहीं जिला पंचायत: अक्टूबर 2017	ग्राम पंचायत और जिला पंचायत में चुनाव 2022से होने हैं। पंचायत समिति (ब्लॉक पंचायत) का प्रावधान मणिपुर पंचायती राज अधिनियम, 1994 में आठवें संशोधन अधिनियम, 2023 के माध्यम से जोड़ा गया, जिसे 22 फरवरी, 2023 को राजपत्र में अधिसूचित किया गया।
6	राजस्थान	ग्राम पंचायत: जनवरी 2025 ग्राम पंचायत: मार्च, 2025 ग्राम पंचायत: सितंबर -अक्टूबर, 2025	ग्राम पंचायत: जनवरी 2020 (11320में से 6759) ग्राम पंचायत: मार्च 2020 (11320में से 704) ग्राम पंचायत: सितंबर-अक्टूबर 2020 (11320 में से 3847)	ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत में चुनाव 2025 से होने हैं।
		ब्लॉक पंचायत: नवंबर - दिसंबर, 2025	ब्लॉक पंचायत: नवंबर-दिसंबर, 2020 (352 में से 222)	
		जिला पंचायत: नवंबर - दिसंबर, 2025	जिला पंचायत: नवंबर - दिसंबर 2020 (33 में से 21)	
7	तमिलनाडु	जनवरी 2025 (37 जिलों में से 28 जिलों की सभी पंचायतों लिए)	दिसंबर, 2019	28 जिलों की सभी पंचायतों में चुनाव जनवरी 2025 से होने हैं। शेष 9 जिलों की सभी पंचायतों का कार्यकाल अक्टूबर, 2026 तक है।

8	तेलंगाना	ब्लॉक पंचायत: जुलाई 2024 जिला पंचायत: जुलाई 2024	ब्लॉक पंचायत: मई 2019 जिला पंचायत: मई 2019	ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत में चुनाव जुलाई 2024 से होने हैं।
संघ राज्य क्षेत्र				
9	जम्मू और कश्मीर	ग्राम पंचायत: जनवरी 2024 ब्लॉक पंचायत: जनवरी 2024 जिला पंचायत: फरवरी 2026	ग्राम पंचायत: नवंबर-दिसंबर 2018 ब्लॉक पंचायत: अक्टूबर-नवंबर 2019 जिला पंचायत: नवंबर-दिसंबर 2020	ग्राम पंचायत और ब्लॉक पंचायत में चुनाव जनवरी 2024से होने हैं। जिला पंचायत का कार्यकाल फरवरी 2026में समाप्त हो गया। पंचायत चुनाव अभी तक नही हुए हैं।
9	लद्दाख	ग्राम पंचायत: उपलब्ध नहीं ब्लॉक पंचायत: उपलब्ध नहीं जिला पंचायत: उपलब्ध नहीं	ग्राम पंचायत: उपलब्ध नहीं ब्लॉक पंचायत: उपलब्ध नहीं जिला पंचायत: उपलब्ध नहीं	ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत में चुनाव जनवरी 2024 से होने हैं।
11	लक्षद्वीप	ग्राम पंचायत: दिसंबर 2022 ब्लॉक पंचायत: लागू नहीं जिला पंचायत: दिसंबर 2022	ग्राम पंचायत: दिसंबर 2017 ब्लॉक पंचायत: लागू नहीं जिला पंचायत: दिसंबर 2017	ग्राम पंचायत और जिला पंचायत में चुनाव दिसंबर 2022 से होने हैं।
12	पुदुच्चेरी	ग्राम पंचायत: जुलाई 2011 ब्लॉक पंचायत: जुलाई 2011 जिला पंचायत: लागू नहीं	ग्राम पंचायत: जून 2006 ब्लॉक पंचायत: जून 2006 जिला पंचायत: लागू नहीं	ग्राम पंचायत और ब्लॉक पंचायत में चुनाव जुलाई 2011 से होने हैं।

स्रोत:*राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की वेबसाइट पर उपलब्ध या उनके द्वारा पंचायती राज मंत्रालय को दिये गए आकड़े।*